# चार से शुरू होगा 30वां सड़क सुरक्षा सप्ताह

पटना(एसएनबी)। 30 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 4 फरवरी से शुरू होगा। यह 10 फरवरी तक चलेगा। इस बार सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा निर्धारित किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा सप्ताह से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को परिवहन विभाग सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने किया। इस मौके पर राज्य परिवहन आयुक्त सीमा त्रिपाठी और बिहार सड़क सुरक्षा परिषद के विभिन्न स्टेक होल्डर- नगर विकास एवं आवास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, बीमा कंपनी और ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



बैठक में मौजूद परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल, राज्य परिवहन आयुक्त सीमा त्रिपाठी व अन्य।

## सात दिन सात थीम पर कार्यक्रमों का होगा आयोजन

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह राज्य के सभी जिला, अनुमंडलों, प्रखंड मुख्यालयों तथा पंचायत स्तर पर भी किया जाएगा। सप्ताह के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए हर दिन विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हर दिन अलग-अलग थीम पर जागरूकता अभियान चलेगा।

## स्कूली बच्चे अपने माता-पिता से भरवाएंगे हेलमेट पहनने का घोषणा पत्र

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान राज्य के सभी सिनेमा घरों में सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लाइड चलाया जाएगा। होर्डिंग्स और बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। सप्ताहभर लगातार रेडियो पर सड़क सुरक्षा पर बने जिंगल का प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही न्यूज चैनल पर स्लाइड चलाया जाएगा। स्कूल, कॉलेजों में भी कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। बच्चे अपने अभिभावक से घोषणा पत्र भरवाएंगे कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन नहीं चलाएंगे, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन नहीं चलाएंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे साथ ही साथ यातायात नियमों का पालन करेंगे। इस घोषणा पत्र पर सभी स्कूली बच्चे अपने मातापिता से हस्ताक्षर कराएंगे।

## ब्लड डोनर होंगे सम्मानित, महिला डोनर भी लायी जायेंगी आगे

पटना। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान रक्तदान करने वाले ब्लड डोनर को सम्मानित किया जाएगा। खून की कमी की वजह से किसी की मौत न हो इस उद्देश्य से परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान हर जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन कराएं। सभी जिलों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। 10 से अधिक बार रक्तदान करने वाले व्यक्ति को सम्मान मिलेगा। महिला ब्लड डोनर की भी एक कैटेगरी बनाकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। नेत्र जांच शिविर लगाकर ड्राइवरों को चश्मा बांटने की है योजना।